## एक नजर में

### श्रीदादा दयालु हनुमानजी को चोला चढ़ाकर महाआरती की



**सरदारपुर।** मंगलवार को पुराने नेशनल हाईवे इंदौर अहमदाबाद मार्ग से सटे हुए अति प्राचीन श्रीदादा दयालु खेड़ापति हनुमान प्रतिमा का चोला चढ़ाकर, श्रृंगार करके महाआरती की गई। महाआरती बाद भक्तों को प्रसादी बांटी गई। सुन्दरकाण्ड मंडल के लिए 51 सुन्दरकाण्ड पुस्तक भेंट की गई, कार्यक्रम के लाभार्थी नलिनी उमाकांत मंडलोई इन्दौर रहे। मंदिर संचालक द्वारकाप्रसाद गौराणा, ने मंडलोई को धर्म स्थल वस्तु स्थिति से अवगत कराकर जानकारी दी गई। जानकारी प्रेमनारायण जोशी ने दी।

### संत मोहित नागर के श्रीमद् भागवत पाठ को सुनने उमड़े बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बही भक्ति रस की धारा

**सरदारपुर।** बोरखेड़ी नयापुरा में श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, भगवत गीता सुनने से भक्तों को मिलती है शक्ति और मुक्ति, बिशन गर्मी में जल सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है जल है तो कल है,,, , जीवन में भगवत गीता सुनने का बहुत बड़ा लाभ है भगवत गीता के प्रभाव से हर रुके काम बन जाते हैं मनुष्य के जीवन को गीताहि तारती हे भगवत गीता सर्वश्रेष्ठ ग्रंथमानी जाती है बोरखेड़ी नयापुरा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन भी भक्तिमय वातावरण बना रहा। कथा का वाचन कथावाचक संत श्री मोहित जी नागर, ताखला जिला आगर मालवा द्वारा किया जा रहा है। कथा पंडाल में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। छठवें दिन कथा के दौरान भगवान की भक्ति और सत्संग में श्रद्धालु पूरी तरह लीन दिखाई दिए। आयोजन स्थल पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था नयापुरा सकल पंच द्वारा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। वही गुरुदेव के दर्शन के लिए सरदारपुर से शंकर मारू भी सह परिवार भगवत गीता दर्शन करने पहुंचा बिशन गर्मी में जल सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है प्रयासों को अगर पानी पिला दिया तो माना जाता है कि अआपने चार धाम तीर्थ कर लिया वहीं व्यासपीठ द्वारा सातों दिन श्रद्धालुओं के लिए ठंडे चिल्ड वाटर की व्यवस्था कराने पर अर्जुन गामड़ सरपंच प्रतिनिधि गोलपुरा एवं अमरसिंह गोयल भाजपा नेता नयापुरा का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### शारदा देवी बैरागी का निधन



**सरदारपुर।** नगर में शारदा देवी बैरागी का निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त पटवारी रामदास बैरागी और एडवोकेट विवेक बैरागी की माताजी थी। बुधवार को माहीं मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। समाजजन के साथ अनेक लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### मालवा उत्सव की उपलब्धि पर डाक कवर जारी

**इंदौर.** लोक संस्कृति मंच के मालवा उत्सव के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार ने मालवा उत्सव पर 11 मई को डाक कवर जारी किया. कपिल जैन ने बताया कि इन पच्चीस वर्षों मे लोक संस्कृति मंच ने सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में मालवा उत्सव के माध्यम से लोक संस्कृति लोक कला व परंपराओं को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने हेतु एक अनूठे एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पोस्टमास्टर जनरल गौरव श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक डाकघर इंदौर संभाग अजय, सहायक निदेशक ओम प्रकाश चौहान भी मौजूद थे. इन सब की उपस्थिति में डाक कवर का अनावरण किया गया. यह एक बार ही जारी होता है यह डाक कवर भारतवर्ष में अनेक म्यूजियम में रखा जाता है. साथ ही विदेशों में कल्चरल एक्सचेंज के तहत दिया जाता है और देश में डाक संग्रहण करने वाले भी इसे अपने संग्रहण में रख सकते हैं.

### सीकेपी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**इंदौर.** चांद्र सेनिय कायस्थ प्रभु समाज (सीकेपी) के द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए. चुनाव अधिकारी प्रदीप जोशी तथा शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि सुरभि गडकरी अध्यक्ष, रेखा कर्णिक उपाध्यक्ष, राजील कुलकर्णी सचिव, प्रशांत भिसे कोषाध्यक्ष, निलेश गुप्ते सहसचिव तथा अमोल गुप्ते, संगीता रणदिवे, प्रणव राजे कार्यकारिणी सदस्य चुने गए. नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरभि गडकरी ने कहा कि वे समाज के विकास एवं प्रगति के लिए हर संभव कोशिश करेगी.

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए बैठक संपन्न

**इंदौर.** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं गुरूजी सेवा न्यास द्वारा बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे संचालित चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर (माधव सृष्टि) पर 20-21 मई को श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में आम महिलाओं के लिए आयोजित हो रहे दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों पर विचार मंथन के लिए मंगलवार को माधव सृष्टि कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सेवा विभाग एवं सेवा भारती तथा संघ के चारों जिलों से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें शिविर की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया. बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर (माधव सृष्टि) पर 20-21 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक केवल महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को आमंत्रित करने और उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से संघ के चारों जिलों के विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें गुरूजी सेवा न्यास, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवा विभाग, सेवा भारती इंदौर सहित अन्य संगठनों से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित थे। गुरूजी सेवा न्यास के सचिव संदीप जमींदार ने शिविर की विस्तृत जानकारी प्रदान की. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से प्रवीण मिश्रा ने फाउंडेशन के विभिन्न सेवा प्रकल्पों का उल्लेख किया।

### संत लादूनाथ महाराज का बरसी महोत्सव आज से

**इंदौर.** माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादूनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान एवं महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं सदगुरु लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव का आयोजन महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स पर 13-14 मई को सौल्लास मनाया जाएगा. भक्त मंडल के योगेश सुईवाल, विजय अग्रवाल एवं मयूर सुईवाल ने बताया कि बुधवार 13 मई को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा. इसकी पूर्णाहुति गुरुवार 14 मई को सुबह 10 बजे होगी. गुरुवार को ही शाम 5 बजे से महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम पर महाप्रसादी एवं रात 8 बजे से भजन, सत्संग के आयोजन प्रारंभ होंगे।

### किरदार में डूबकर किया गया नाटक होता है प्रभावी

**इंदौर.** विजय नगर स्थित सारदा रामकृष्ण विद्या मन्दिर में आयोजित 15 दिवसीय हल्ला गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे उत्साह और जोश के साथ भाग ले रहे है. वरिष्ठ नाट्यकर्मी तपन मुखर्जी और वरुण जोशी बच्चों को अभिनय के साथ सँवाद बोलने की टिप्स भी दे रहे तो वही सीमा व्यास बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ा रही है.





# पेरिस में मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट कला ने छोड़ी अमिट छाप

**फोयर डे पेरिस (*Foire de Paris*) अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का हुआ भव्य समापन**

**बाग।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित यूरोप के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित मेले फोयर डे पेरिस का भव्य समापन हो गया। 30 अप्रैल से 11 मई तक चले इस 12 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महाकुंभ में मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर बाग प्रिंट न केवल आकर्षण का केंद्र रही, बल्कि इसने वैश्विक पटल पर भारतीय हस्तशिल्प की अमूल्य साख को नए आयाम दिए। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा चयनित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री ने इस मंच पर देश का सफल प्रतिनिधित्व किया।

**55 वर्ष बाद यादों का भावुक संगम**-इस आयोजन का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल तब आया, जब प्रदर्शनी में मौजूद श्री फुलियाहू की नजरें बाग प्रिंट के स्टॉल पर ठहरीं। इन चटक लाल-काले रंगों ने उन्हें सीधे वर्ष 1971 की यादों में पहुँचा दिया। श्री फुलियाहू ने भावुक होकर साझा किया कि 55 साल पहले उन्होंने बेलगाड़ी के कठिन सफर के बाद बाग गाँव पहुँचकर इस कला को करीब से देखा था।

उस समय उनकी मुलाकात बाग प्रिंट के शिल्पकार स्व. इस्माइल सुलेमानजी खत्री से हुई थी। आज पेरिस के दिल में उनके पोते मोहम्मद बिलाल खत्री को उसी विरासत को सहेजते देख श्री फुलियाहू दंग रह गए। यह मिलन पेरिस की आधुनिकता और मध्य प्रदेश की प्राचीन कला के बीच एक अटूट सेतु की तरह नजर आया।

सिटी ऑफ लाइट्स के जादुई सौंदर्य से अभिभूत हुए शिल्पकार

मेले की अभूतपूर्व सफलता के बीच, मोहम्मद बिलाल खत्री ने पेरिस की उस ऐतिहासिक और कलात्मक भव्यता को करीब से महसूस किया, जिसने सदियों से दुनिया भर के कलाकारों को प्रेरित किया है। %सिटी ऑफ लाइट्स% के नाम से विख्यात पेरिस की सुंदरता पर चर्चा करते हुए उन्होंने अपने अनुभवों को विस्तार से साझा किया॰

ज्ञ स्थापत्य कला का शिखर॰ शिल्पकार ने पेरिस की विश्वप्रसिद्ध वास्तुकला का अवलोकन किया, जहाँ एफिल टावर की गगनचुंबी भव्यता से लेकर नॉट्रे-डेम कैथेड्रल की गोथिक कला के सूक्ष्म विवरणों ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। सैक्रे-कोउर बेसिलिका के सफेद गुंबद और लेज़नवालीद की सुनहरी नक्काशी को देखकर उन्हें अहसास हुआ कि पत्थरों पर उकेरी गई यह विरासत ठीक वैसी ही है, जैसे बाग के जंगलों में लकड़ी के ब्लॉकों से कपड़ों पर इतिहास उकेरा जाता है।

कला और संस्कृति का जीवंत संगम॰ बिलाल खत्री ने बताया कि पेरिस केवल एक शहर नहीं, बल्कि कला का एक खुला संग्रहालय है। सीन नदी (ऋद्ध1द्गह्न स्द्गद्बठ्ठद्ग) के किनारे टहलते हुए, वहां की ऐतिहासिक इमारतों पर ढलती शाम की सुनहरी रोशनी और रात के समय झिलमिलाती लाइटों के प्रतिबिंब ने एक अलौकिक दृश्य उत्पन्न किया।

ज्ञ प्रेरणा का नया स्रोत॰ उन्होंने भावुक होकर कहा, पेरिस की गलियों में इतिहास खुद सांस लेता प्रतीत होता है। यहाँ के हर चौराहे पर कला के प्रति जो गहरा सम्मान और जुनून दिखाई देता है, उसने मेरे भीतर अपनी पारंपरिक %बाग प्रिंट% कला को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प को और अधिक दृढ़ कर दिया है। पेरिस की आधुनिकता और यहाँ के संरक्षित इतिहास के बीच का संतुलन मुझे अपनी प्राचीन कला को नए दौर के सांचे में ढालने की नई ऊर्जा दे गया है।

**लाइव डेमोंस्ट्रेशन और राजनयिकों का प्रोत्साहन**

पोर्टे डे वर्साय के भारतीय पवेलियन में बिलाल खत्री द्वारा किए गए लाइव डेमोंस्ट्रेशन ने विदेशी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सागवान की लकड़ी के ब्लॉक्स और प्राकृतिक रंगों से कपड़े पर उकेरी जा रही आकृतियों को देखने के लिए अंत तक भारी भीड़ उमड़ी। भारतीय दूतावास की सेक्रेटरी सुश्री वर्धा खान और सेक्रेटरी श्री माधव आर. सल्फुले ने भी स्टॉल का अवलोकन किया। शिल्पकार द्वारा भेंट किए गए %अंगवस्त्र% और ठप्पा प्रिंटिंग के अनुभव ने राजनयिकों को अत्यधिक प्रभावित किया। अधिकारियों ने बिलाल खत्री की सराहना करते हुए उन्हें भारत का सांस्कृतिक दूत (*Cultural Ambassador*) बताया।

**विरासत और भविष्य का तालमेल**-शिल्प गुरु मोहम्मद युसूफ़ खत्री के सुपुत्र बिलाल खत्री ने बताया कि उन्होंने पेरिस के बाजार के लिए विशेष रूप से आधुनिक रंगों और डिजाइनों का चयन किया था, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) श्रीमती अमृत राज के मार्गदर्शन को दिया। 47 देशों के 1,400 प्रदर्शकों के बीच से विदा लेते हुए मोहम्मद बिलाल खत्री ने सिद्ध कर दिया कि मध्य प्रदेश का %बाग% आज अंतरराष्ट्रीय धरा पर अपनी महक बिखेरने के लिए पूरी तरह सशक्त है।

# 30 मई तक किया जाएगा मकान सूचीकरण कार्य

**सरदारपुर।** कर्मचारी के द्वारा घर-घर से जानकारी ले रहे हैं। इसके अन्तर्गत चार्ज नगर परिषद सरदारपुर जिला धार द्वारा नियुक्त प्रगणको द्वारा घर-घर जाकर डाटा एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्र. 01 के प्रगणक सोहन डोडवे, वार्ड क्र. 02 के प्रगणक श्री निसार बेग मिर्जा, वार्ड क्र. 04 के प्रगणक तनवीर हसन कुरैशी, वार्ड क्र. 05 के प्रगणक आशा वैष्णव, वार्ड क्र. 07 एवं 08 के प्रगणक श्री अमीर अली जैदी, वार्ड क्र. 10 के प्रगणक श्री कैलाशचन्द्र डाबी एवं वार्ड क्र. 13 के प्रगणक श्री भेरूसिंह किराडे द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जाकर समय-सीमा के पूर्व शत-प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण किया गया। उक्त कार्य में प्रगणकों का मार्गदर्शन एवं फिल्ड में सहयोग प्रदान करने में पर्यवेक्षक कामेश सतपुडा एवं ग्यासुद्दीन कुरैशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यवेक्षको एवं प्रगणकों का चार्ज अधिकारी नगर परिषद सरदारपुर श्री यशवंत शुक्ला, श्रीमती मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल अध्यक्ष नगर परिषद सरदारपुर, श्री शैलेन्द्र चौहान उपध्यक्ष नगर परिषद सरदारपुर द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद सरदारपुर के जनगणना शाखा प्रभारी श्री जितेन्द्र गोखले, श्री आकाश भारद्वाज, श्री इरफान खान, श्री मुकेश गेहलोत, श्री रवी चौहान, श्री शिव कुमार कामदार एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दरबार 11 बनी विजेता, सरदारपुर प्रीमियर लीग का समापन

**▸ सरदारपुर की प्रतिभाओ को मिला बेहतर अवसर - विधायक प्रताप ग्रेवाल**

**सरदारपुर।** क्रिकेट एक सामुहिक खेल है जो टीम अच्छा प्रदर्शन करती है विजय हासिल करती है सरदारपुर प्रीमियर लीग के माध्यम से सरदारपुर की प्रतिभाओ को अपने खेल का प्रदर्शन करने का बेहतर अवसर मिला, मेरा प्रयास है कि सरदारपुर की प्रतिभाओ को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए अच्छी सुविधाए मिले जिसके लिए सरदारपुर खेल परिसर मैदान पर 1 करोड 91 लाख की लागत से स्टेडियम निर्माण प्रस्तावित है।

वहीं रेलिया डेम के पास भी आगामी समय में इन्डोर स्टेडियम एवं फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है उक्त बात सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने रविवार रात्रि मे सार्थक स्पोर्टस सरदारपुर द्वारा आयोजित खेल परिसर मैदान पर विगत 8 दिन से जारी सरदारपुर प्रीमियर लीग के समापन अवसर पर खिलाडियो एवं नागरिको को संबोधित करते हुए कही। स्पर्धा का फाईनल मुकाबला दरबार इलेवन और सुदर्शन स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया जिसमे सुदर्शन स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर मे 74 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए दरबार इलेवन ने 5 ओवर मे ही लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से जीत दर्ज की। नगर मे पहली बार आयोजीत सरदारपुर प्रीमियर लीग मे कुल 8 टीमो ने सहभागिता कर अपने खेल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम दरबार इलेवन को 21 हजार रूपये की राशि विधायक प्रताप ग्रेवाल की और से एवं शील्ड नगर परिषद् अध्यक्ष मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल की ओर प्रदान की गई। वही उपविजेता सुदर्शन स्ट्राइकर्स को 11 हजार रूपये की राशि एवं शील्ड समाजसेवी मनीष श्रीवास्तव की ओर से प्रदान की गई। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सांवरिया आटोडील को 5100 रूपये की राशि एवं शील्ड डॉ. भगवान भाई पाटीदार की और से प्रदान की गई।

**नगर परिषद अध्यक्ष ने बांटे पुरस्कार**

समापन समारोह मे विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद् अध्यक्ष मिनाक्षी अर्पित ग्रेवाल, पाटीदार समाज के अध्यक्ष डॉ. भगवान भाई पाटीदार, कंचन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. एमएल जैन, खण्ड शिक्षा अधिकारी विष्णु रघुवंशी, थाना प्रभारी अनिल कुमार जाधव, भारतीय फुटबाल खिलाडी ज्योति चैहान सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सचिन द्विवेदी, पूर्व न.प. अध्यक्ष ब्रजेश ग्रेवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष विक्की यादव, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र ग्रेवाल, पार्षद संजय जायसवाल, उर्स कमेटी के सदर सलमान खान, शफीक खान (बबलु), धर्मेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। फाईनल मैच के अंपायर शैलेन्द्र पाल एवं जीतु ठाकुर थे वही कॉमेन्ट्री का कार्यभार देवराज गौराना, आंशु शर्मा, संजय सौलंकी एवं अंकुश तिवारी ने संभाला। स्पर्धा मे विशेष सहयोग एवं व्यवस्था मे सहयोग प्रदान करने वाले व्यक्तियो को अतिथियो द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान सार्थक स्पोर्टस के चन्द्रशेखर कामदार, विष्णु चोधरी, झंडु यादव, विक्की लाला, सार्थक बैरागी, मुकेश डॉन, राकेश शर्मा, लक्ष्मण तिवारी, रोमी व्यास, डमरू भाबर आदि उपस्थित रहे।

### सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक

**इंदौर.** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक का आयोजन निजी रेस्टोरेंट में किया गया. कार्यक्रम का आरम्भ संयोजक समिधा शुक्ला ने सदस्यों के स्वागत से किया. तीन विषयों नारी मन- अबूझ पहेली, शब्दों के घाव और हास्य व्यंग्य पर आधारित प्रस्तुतियों का आग्रह किया. नारी मन की गूढ़ गुत्थियों और अपने नाम के आधार पर उसकी विशेषताओं का निर्मला बागोरा, मृदुला शर्मा, कविता मेहता, शोभा शर्मा, करुणा प्रजापति और इंदु जैन ने विस्तार से व्याख्या की. बनारी के संतुलित, धैर्य, प्रेमिल और अविचलित व्यवहार और संघर्ष शीलता और जिजीविषा विशेषत: चर्चा के बिंदु रहे. नारी मन के मनोवैज्ञानिक, व्यवहारिक पक्ष और उलझनों के जटिल मुद्दों पर वंदना शर्मा, करुणा प्रजापति और महिमा शुक्ला ने अपने विचार रखे. गलत इरादे से बोले गए शब्दों के घाव गहरे और कभी भरते नहीं. वे परिवार में ही नहीं वरन समाज में भी नफ़रत, द्वेष और दूरी बना देते हैं.

# धुलीबाई रणावत का 95 वर्ष की आयु में निधन

**सरदारपुर।** धुली बाई अपने पीछे हरा भरा परिवार छोड़कर गए हैं माताजी शांति सभाव एवं मिलन सारी,थे ईश्वर की भक्ति में अपना विशेष समय देते थे माताजी सरल स्वभाव के थे माता जी के दो पुत्र हैं शांतिलाल पटवारी, एवं सोहनलाल पाटीदार जो नगर में मांमा के नाम से विख्यात है घर के बाहर माताजी कुर्सी लगाकर बैठकर हर आने जाने वाले से राम-राम कहना रोज उनकी आदत बन गई थी जिनकी अंतिम यात्रा में नगर रिश्तेदारएवं आसपास एवं पाटीदार समाज जन उपस्थित होकर माताजी को श्रद्धांजलि दी गई उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया माताजी माता-पिता ने संघर्ष और मेहनत के साथ अपना परिवार खड़ा किया था जो कुशल एवं सुख समृद्धि के साथ जीवन यापन कर रहे हैं मुक्तिधाम पर आए नागरिकों रिश्तेदार अध्यापक नेता पत्रकार बंधु ग्रामीण एवं सभी के द्वारा माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

## एक नजर में

**भीषण गर्मी के बीच ग्राम अजंदीमान में बिजली तारों के आपस में टकराने से उठी चिंगारी**

# शॉर्ट-सर्किट से खेत में आग, 2 एकड़ केले की फसल खाक

**बाकानेर। भीषण गर्मी के बीच ग्राम अजंदीमान में बिजली तारों के आपस में टकराने से उठी चिंगारी ने भयानक आग का रूप ले लिया। इस हादसे में किसान विवेक बडज़ात्या के खेत में लगी तैयार केले की फसल और ड्रीप सहित कृषि उपकरण जलकर नष्ट हो गए। आग से किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।**



कैसे लगी आग

किसान विवेक बडज़ात्या ने बताया कि यह कृषि भूमि उनकी माता श्रीमती इंदुमती के नाम पर दर्ज है। सोमवार दोपहर खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के तार तेज हवा से आपस में टकरा गए। चिंगारी उठते ही सूखे पत्तों ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरे खेत को चपेट में ले लिया।

उन्होंने खेत में लगे सिंचाई उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। सूचना पर फायर फाइटर पहुंचे, लेकिन तब तक करीब 2 एकड़ रकबे में लगी तैयार फसल जलकर राख हो चुकी थी। धुएं के कारण बाकी फसल भी खराब हो गई। सिंचाई के लिए लगाई गई ड्रीप लाइन, पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए बांस भी पूरी तरह जल गए।

4 एकड़ में लगी थी फसल

पीड़ित कृषक ने बताया कि उन्होंने 4 एकड़ में केले की फसल लगाई थी जो पूरी तरह तैयार थी। 15 दिन बाद कटाई होनी थी। एक झटके में सालभर की मेहनत और लाखों की लागत स्वाहा हो गई, भावुक होकर उन्होंने कहा।

मुआवजे की मांग, सर्वे न करने का आरोप -किसान ने स्थानीय पटवारी को सूचना देकर सरकारी सहायता की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि मार्च में आंधी-तूफान से भी केले की फसल को भारी नुकसान हुआ था। तब भी पटवारी ने सर्वे का आश्वासन देकर टाल दिया। पटवारी ने कहा था कि तहसीलदार ने सर्वे से रोका है। सर्वे करेंगे तो मुआवजा देना पड़ेगा, बडज़ात्या ने आरोप लगाया।

फसल बीमा हमारा हक, भीख नहीं - विवेक बडज़ात्या ने नाराजगी जताते हुए कहा, हम मुआवजे के रूप में भीख नहीं मांगते। फसल बीमा के रूप में नुकसानी की भरपाई चाहते हैं। इसमें शासन कोई एहसान नहीं करता। फिर भी प्रशासनिक अधिकारी सर्वे से कतराते हैं, जो अन्नदाता का अपमान है।

दोहरी मार झेल रहे किसान

उन्होंने कहा कि एक ओर प्राकृतिक आपदा में फसल खराब होती है, समय पर मुआवजा नहीं मिलता। दूसरी ओर उत्पादन के समय दाम गिर जाते हैं। किसान लंबे समय से मौसम आधारित फसल बीमा योजना और केले का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग कर रहे हैं।